Roll No. .... Total Pages : 6

4381

M.A. (Previous) Examination, 2015

HINDI LITERATURE

Paper–I

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

PART–A (खण्ड–अ) [Marks : 20]

Answer all questions (50 words each).

All questions carry equal marks.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART–B (खण्ड–ब) [Marks : 50]

Answer *five* questions (250 words each), Selecting *one* question from each unit. All questions carry equal marks.

प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART–C (खण्ड–स) [Marks : 30]

Answer any *two* questions (300 words each).

All questions carry equal marks.

कोई **दो** प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड–अ

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई–I

(क) इतिहास लेखन की प्रमुख पद्धतियाँ कौन-सी हैं?

(ख) ''साहित्य का इतिहास जनता की चितवृति का इतिहास है'' यह कथन किस का है? स्पष्ट कीजिए।

इकाई–II

(ग) सगुण और निर्गुण भक्ति के मध्य अंतर को बताइए।

(घ) नाथ सम्प्रदाय का प्रभाव हिन्दी के किस कवि पर सर्वाधिक पड़ा?

इकाई–III

(ङ) ''अष्टछाप'' के कवियों के नाम लिखिए।

(च) तुलसीदास द्वारा रचित राम के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

इकाई–IV

(छ) लक्षण ग्रंथ एवं लक्ष्य ग्रंथ किसे कहते हैं? इनके मध्य अंतर को स्पष्ट कीजिए?

(ज) "कठिन काव्य का प्रेत" किस कवि को कहा गया? क्यों कहा गया?

इकाई–V

(झ) रीतिमुक्त कवियों के नाम एवं उनकी रचनाओं को लिखिए।

(ञ) कवि 'भूषण' के काव्य का प्रतिपाद्य संक्षेप में लिखिए।

खण्ड–ब

प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न कीजिए।

इकाई–I

2. हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा में आचार्य रामचंद्र शुक्ल के इतिहास के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

3. आदिकाल के सिद्ध, नाथ एवं जैन साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए एवं उनके योगदान को स्पष्ट कीजिए।

इकाई–II

4. भक्ति आंदोलन के उदय की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक परिस्थितियों को संक्षेप में लिखिए।

अथवा

5. भक्ति काल के "निर्गुण कवियों ने सामाजिक चेतना को जाग्रत किया है" कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

इकाई–III

6. "कृष्ण काव्य परंपरा में मीरा का महत्त्वपूर्ण स्थान है" कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

अथवा

7. राम काव्य की प्रमुख प्रवृतियों को सोदाहरण लिखिए।

इकाई–IV

8. रीतिकाल के नामकरण एवं कालविभाजन के बारे में विद्वानों के मत को स्पष्ट कीजिए एवं आप किस मत को उचित मानते हैं? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

9. "रीतिकाल का सर्वाधिक काव्य श्रृंगार रस से ओत-प्रोत है" कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

इकाई–V

10. रीति मुक्त काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

11. रीतिकाल में रचित गद्य साहित्य का परिचय दीजिए।

खण्ड–स

कोई दो प्रश्न कीजिए।

इकाई–I

12. 'रासो' शब्द की व्युत्पत्ति के संबंध में विभिन्न विद्वानों के मत स्पष्ट कीजिए एवं चंदबरदाई कृत पृथ्वीराज रासो के महत्त्व को स्थापित कीजिए।

इकाई–II

13. भक्ति काल को हिन्दी का "स्वर्ण युग" क्यों कहा जाता है? क्या आप के विचार में यह उचित है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

इकाई–III

14. 'सूरदास रचित भ्रमर गीत निर्गुण पर सगुण की विजय का काव्य है'– कथन को स्पष्ट कीजिए।

इकाई–IV

15. रीतिकाल की प्रमुख प्रवृतियों को उदाहरण सहित लिखिए।

इकाई–V

16. रीतिकाल के आचार्य कवियों के योगदान को स्पष्ट कीजिए।